एक्सप्रेस-वे गलियारे में बनेंगे 5 औद्योगिक कलस्टर : योगी

सुल्तानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। हलियापुर के कुवांसी बड़ाडाड़ पहुंचे सीएम ने कहा कि लखनऊ-गाजीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे गलियारे में पांच स्थानों पर औद्योगिक कलस्टर विकसित किए जाएंगे।

इन स्थानों पर प्लास्टिक, टेक्सटाइल्स समेत अलग-अलग प्रकार के बड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उद्योगों से लाखों युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार मिल सकेगा। यह एक्सप्रेस-वे अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनेगा। औद्योगिक गलियारों को पर्यावरण का हब बनाया जाएगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे खाली स्थानों पर पौधरोपण करके पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाएगा। संवाद

>> युवाओं को मिलेगा रोजगार : 2